Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to appoint teaching and non-teaching staff in Eklavya Model Residential Schools.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): महोदय, मैं राजस्थान के उदयपुर संसदीय क्षेत्र से आता हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और भारत सरकार के शेड्यूल-5 में आता है। अभी हाल ही में भारत सरकार ने अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, ईएमआरएस की योजना पर अकल्पनीय कार्य किया है, जिसका मैं स्वागत करता हूं और प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र उदयपुर में झाड़ोल, लसाडिया, धरियावाद, सलूम्बर, खैरवाड़ा, गोगुंदा में एकलव्य आदर्श विद्यालय खोले गए।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि जिस तरह से देश में नवोदय विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने के लिए केंद्र सरकार के कर्मचारियों जैसे प्रिंसिपल, अध्यापक एवं अन्य कर्मचारी लगे हुए हैं, उसी तर्ज पर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में भी केंद्रीय कर्मचारियों की भर्ती की जाए न कि राज्य सरकार के कर्मचारियों की क्योंकि इस योजना में शत-प्रतिशत राशि भारत सरकार खर्च कर रही है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के द्वारा पढ़ाए गए बच्चों की शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ेगी और देश की मुख्यधारा से जुड़ने में मदद मिलेगी। धन्यवाद।